## सार-समाचार

### दुर्गा पूजा महोत्सव में जनसैलाब उमड़ा

**बीदासर** (निसं)। शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में कस्बे में मंदिरों व पांडालों में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के चलते शहर का वातावरण आध्यात्मिक बना हुआ है। रात्रि के समय कस्बे में जय जय अम्बे जय जगदम्बे की गुंज सुनाई दे रही है। वहीं नगरवासी भी धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है। नोखा रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में मेढ क्षत्रीय स्वर्णकार संघ व नवरात्रि महोत्सव समिति संयुक्त तत्वावधान में होने वाली दुर्गा पूजा 2025 के विशाल धार्मिक आयोजन के तहत बुधवार की रात्रि में हुई भव्य जोत ज्वाला महाआरती में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। बुधवार को देवी भागवत कथा में कथावाचक पंडित देवकी नंदन व्यास ने कथा का वाचन किया। कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ की पूजा अर्चना मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद कडे़ल, संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण, ओमप्रकाश सोनी, विनोद नारनौली, गोविंद सोनी, महेश टाटिया, जितेंद्र सारस्वत सहित अनेक श्रद्धालुओं ने की। वही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में महा नवरात्रि महोत्सव के तहत रात्रिकालीन होने वाली महाआरती में श्रद्धालुओं ने बढचढ कर भाग लिया। वही मंडी बाजार करणी माता मंदिर, दड़ीबा करणी माता मंदिर व गंगा माता मंदिर में चल रही दुर्गा पूजा में मा भवानी को रिझाने में श्रद्धालुओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**बीदासर** (निसं)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन, एक घंटा, एक साथ की थीम के साथ पंचायत समिति परिसर में प्रधान संतोष मेघवाल के नेतृत्व में गुरूवार को प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक स्वच्छता श्रमदान व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति परिसर में साफ सफाई की गई, तथा फलदार पौधो का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रधान संतोष मेघवाल द्वारा समस्त कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों व आमजन से आग्रह किया कि हमें स्वस्थ रहना है, तो स्वच्छता को पूर्ण रूप से अपनान होगा। गीला व सुखे कचरे का निपटारा निश्चित स्थान पर ही करें, तथा पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। कार्यक्रम में विकास अधिकारी राजुराम सैनी, सहायक अभियंता इंद्रपाल सिंह नायक, भाजपा के जिला प्रवक्ता अरूण तिवारी, नगर भाजपा अध्यक्ष राजेश सोनी, राम निवास माली, गोपाला राम छापोला, ललित माली, धर्मेंद्र स्वामी सहित सभी कार्मिकों ने भाग लिया।

### भामाशाह सम्मान समारोह कल

**रतनगढ़** (निसं)। तहसील के गांव नौसारिया स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में नव निर्मित कक्षा-कक्षों का उद्घाटन व भामाशाह सम्मान समारोह रविवार को आयोजित होगा। भामाशाह प्रेरक कुलदीप व्यास व सेवानिवृत्त विकास अधिकारी प्रभुदयाल राजपुरोहित ने बताया कि स्व इंद्रा देवी बैद की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों भामाशाह बुधमल बैद एवं भामाशाह जोधराज बैद द्वारा लगभग 17.40 लाख रूपये की लागत से दो कक्षा-कक्ष मय बरामदा व शौचालय ब्लॉक का निर्माण करवाया है। शिक्षक पंकज पीपलवा ने बताया कि भामाशाह बैद परिवार द्वारा नव निर्मित कक्षा-कक्षों व शौचालय ब्लॉक का उद्घाटन व भामाशाह सम्मान समारोह आगामी 28 सितम्बर रविवार को प्रातः 10:15 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों के लिए विद्यालय परिवार व ग्रामवासी लगे हुए हैं।

### सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया

**बीदासर** (निसं)। रामलीला कमेटी के तत्वाधान में कस्बे के गणगौरी चैक स्थित बाबा रामदेव मंदिर के पास मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला में बुधवार की रात्री में लीला के निर्देशक अमित दर्जी, सुरेश चैहान के निदेशन में लीला में ताडका वध, सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद व लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। लीला में शिव का अभिनय श्याम, राम का जमीन नामदेव, लक्ष्मण का सुमित चैहान, सीता का निरंजन राठौड़, रावण का रजत पांडे, ताड़का का योगेश चैहान, परशुराम का राकेश शर्मा, बाणासुर का अरविंद सारस्वत, जनक का रवि वर्मा, मारिच का राकेश प्रजापत, सुबाहु का मानाराम, हास्य कलाकार का लालचंद जाट ने किया गया। मंच संचालन फुसराज गौड़ ने किया।

### प्रधानमंत्री जनधन शिविर आज

**सीकर,** (निसं)। अग्रणी जिला प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन 26 सितंबर 2025 को लक्ष्मणगढ़ के रोरूबडी, पलसाना के लामियां, पाटन के धांधेला में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर 2025 तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, पीएमजेडीवाई खातों में नामांकन, पीएमजेडीवाई खातों में पुनः कार्यवाही), पीएमजेजेबीवाई नामांकन, पीएमएसबीवाई नामांकन, पीएमएपीवाई नामांकन और साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किया जायेगा।

### मंदिर में पत्थर फैंकने की घटना को लेकर एक आरोपी को जेल भेजा

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के वार्ड 32 स्थित गंगामाई मंदिर में नवरात्रा के उपलक्ष्य में चल रहे धार्मिक आयोजन में मंगलवार की रात्रि को मां दुर्गा की सांय कालीन होने वाली महाआरती के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर फैंकने की घटना के बाद पुलिस ने गंगा माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरजीराम रेगर व पंकज गुसाईवाल की संयुक्त दर्ज मामले में बुधवार की शाम मोहम्मद आमीन पुत्र मोहम्मद ईकबाल सिलावट को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ईकबाल सिलावट को गुरूवार को बीदासर न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए है।

### 'सही निशाना जीवन की उपलब्धि है'

**बीदासर,** (निसं)। सांडवा में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप दईया ने बताया कि फायरिंग प्रशिक्षण में जो कैडेट्स सही निशाना लागयेगा वह उसके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कोई भी प्रशिक्षण में जो कैडेट्स मेहनत करेगा उसको सफलता जरूर मिलेगी। हर कार्य को निष्ठा से करे। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार ने फायरिंग रेंज का निरीक्षण कर कैडेट का हौसला अफजाई किया। इस मौके पर सूबेदार मेजर प्रेम कुमार तमांग, सूबेदार राजेश लाम्बा, प्रशासनिक अधिकारी शांतिलाल रक्षक, एएनओ विष्णु, सीआईओ ओअंशी कटावलिया,जीसीओ नेहा,महेन्द्र सिंह, सहदेव सिंह राठौड, मुस्ताक अली व बीएचएम ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### अध्यापक ने कम्प्यूटर प्रदान किया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पण्डरेउ टिब्बा में काफी समय से कम्प्यूटर की मांग को देखते हुए विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक पवन कुमार शर्मा ने कम्प्यूटर भेंट किया। संस्था प्रधान दौलत राम कुल्हान ने बताया कि हमारा विद्यालय ब्लॉक रैंकिंग में प्रथम आने पर सीबीईओ बबलेश शर्मा का भी अभिनन्दन किया व सीबीईओ बबलेश शर्मा ने ही स्मार्ट कक्षा का शुभारंभ किया। संस्था प्रधान ने बताया कि इस विद्यालय की हॉकी टीम जिले में प्रथम आने पर हॉकी टीम प्रभार अध्यापक दिनेश कुमार व कम्प्यूटर प्रदानकर्ता व.अ. पवन कुमार शर्मा का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर अध्यापक प्रतापसिंह, राम प्रताप, उम्मेदसिंह, सरोज, रमेश कुमार, सुनिता, विजय सिंह, लीलाधर, श्रवणसिंह चारण सहित ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

### रामलीला का मंचन किया

**चूरू** (निसं)। रेलवे कोलोनी में श्री हनुमान कला मंदिर द्वारा चल रही रामलीला के तीसरे दिन लीला में रावण बाणासुर संवाद व राजा जनक के दरबार में लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन किया गया। इस अवसर पर राम ने धनुष तोडा वहीं सीता के साथ स्वयंवर रचाया गया। इस अवसर पर अमित राज पांडे ने राम, अमित कुमार पांडे ने लक्ष्मण, जितेंद्र लाटा ने परशुराम, विक्रम सांखला ने बाणासुर, महिपाल सिंह बडगुर्जर ने रावण, नंदकिशोर बरोड ने भरत, कमल प्रजापत ने जनक, दिनेश ने सीता, हेमंत, पवन, सूरज ने सरवी व हर्ष बाघवानी ने सुमयना का किरदार निभाया।

# पंडित उपाध्यायजी की आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा, आज भी प्रासंगिक : यूडीएच मंत्री



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को यूडीएच मंत्री खर्रा ने संबोधित किया।

**सीकर** (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर चली गतिविधियों में राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी, पुस्तक परिचर्चा, रंगोली, संभाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं और भव्य दीपोत्सव प्रमुख आकर्षण रहे।

शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ)अनिल कुमार राय ने बताया कि 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आर्थिक लोकतंत्र की अवधारणा' विषय पर राष्ट्रीय विचार संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि शहरी विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि उपाध्याय जी का आर्थिक लोकतंत्र अंत्योदय पर आधारित है, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि पंडित जी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के पक्षधर थे।

विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ने विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि अब शेखावाटी विवि का स्वरूप एकदम बदल गया है, यहां विकास और विद्यार्थियों की चहलपहल नजर आने लगी है। इसका श्रेय कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय को जाता है।

तिवाड़ी ने कहा कि एकात्म मानववाद को आर्थिक लोकतंत्र से जोड़ते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर बल दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 109वें अवतरण दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए पंडित दीनदयाल जी का दूसरा महत्वपूर्ण विचार अंत्योदय है।

मुख्य वक्ता, जेएनवीयू के पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश कुमार शेखावत ने आर्थिक लोकतंत्र को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए इसकी समकालीन उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आज के समय में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, जयपुर प्रांत के अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने आर्थिक लोकतंत्र को डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता से जोड़कर समझाया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने की, जिन्होंने उपाध्याय जी के विचारों को वर्तमान चुनौतियों का समाधान बताया। कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि दीपोत्सव उपाध्याय जी के अंत्योदय, समग्र विकास और भारतीय संस्कृति के संवर्धन की भावना का प्रतीक है।

प्रो. राय ने अपने अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण में बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय ज्ञान, परंपरा और संस्कृति में गहराई से निहित था। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युग के अनुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक महेश चंद शर्मा, अकादमिक प्रभारी व सहायक कुलसचिव (परीक्षा) डॉ. आर सी मीना, उपकुलसचिव (सम्बद्धता) रामसिंह सरावग और सम्पदा और सामान्य प्रशासन प्रभारी कन्हैया लाल जांगिड़, उपनिदेशक आईटी पंकज मील समेत विवि के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेन्द्र सिंह धन्यवाद ज्ञापित किया।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा:-** कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे निबंध लेखन, संभाषण और रंगोली प्रतियोगिताओं से हुई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कुलगुरु प्रो. राय ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार पहुंचाना है।

दोपहर 1 से 3 बजे तक शेखावाटी विवि और अखिल भारतीय साहित्य परिषद् एवं शेखावाटी साहित्य संगम के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुस्तक 'जगतगुरु श्री शंकराचार्य' पर परिचर्चा हुई। भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोजजी ने पुस्तक की विस्तृत जानकारी दी और उस पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने उनके दार्शनिक और आध्यात्मिक चिंतन को आधुनिक संदर्भों से जोड़ा।

डॉ. डीपी सिंह ने बताया कि यूडीएच मंत्रर झाबर सिंह खर्रा ने शाम 6:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर में उपाध्याय जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर दीपोत्सव का शुभारंभ किया गया। दीपोत्सव में करीब 15,000 दीपों की रोशनी से परिसर जगमगा उठा और मनमोहक दृश्य उत्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी और छात्र इस दीपोत्सव में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

# 'स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करें'

**चूरू** (निसं)। राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत की और नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बांसवाड़ा में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुडा रहा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 01,22,000 करोड से अधिक की परमाणु ऊर्जा, अक्षय ऊर्जा, विद्युत, रोजगार तथा राजस्थान से जुडी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन किया तथा 03 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसी के साथ 15 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रा वितरण किए गए। इस अवसर पर डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को सरकारी नौकरी के साथ कौशल विकास, स्वरोजगार व निजी क्षेत्रा में अवसर प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाए हैं। हमारी सरकार ने पेपर लीक प्रकरणों पर अंकुश लगाकर युवाओं के भविष्य को

- **नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान वेलकम किट किए**

सुरक्षित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं प्रत्येक लक्षित व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर योजनाओं को साकार करें और जरूरतमंदों का संबल दें। चतुर्वेदी ने कहा कि जीएसटी दरों में सुधार व पुनर्गठन किया गया है, जिसके उपलक्ष में जीएसटी बचत उत्सव आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों के पुनर्गठन के बाद आमजन को राहत देने का काम किया है। आज विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास से राजस्थान की विकास यात्रा में माइलस्टोन स्थापित होगा और प्रदेश के विकास को पंख लगेंगे।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पर्व पखवाडा चलाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का काम किया है। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्रा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर बसंत शर्मा, पंकज गुप्ता, ओम सारस्वत, दौलत तंवर ने भी विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर डॉ. चतुर्वेदी, विधायक सहारण, जिला प्रमुख आर्य, जिला कलेक्टर सुराणा सहित अतिथियों ने दीपक सिंह राठौड, मोनिका, अश्विनी शर्मा, अभिलाषा, नीतू लुहार, कुलदीप गुर्जर, राकेश पूनिया, रामनिवास सहारण, अंजू कंवर, नाजिया सहित विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित की। जिले में 174 पशु परिचर, 90 कनिष्ठ लिपिक, 39 कनिष्ठ अनुदेशक, 07 अध्यापक लेवल -2, 05 छात्रावास अधीक्षक, 35 कनिष्ठ अभियंता, 11 संस्कृत शिक्षा वरिष्ठ अध्यापक सहित कुल 361 नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान किए गए।

इस दौरान प्रधान दीपचंद राहड, राजगढ प्रधान विनोद देवी, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, विक्रम कोटवाद, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, गोपाल बालाण, फतेहचंद सोती, अभिषेक चोटिया, विक्रम कोटवाद, अख्तर खान, नरेंद्र काछवाल, श्रीराम पीपलवा, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला हुई

**सीकर,** (निसं)। जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती गुरूवार को भाजपा कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी व प्रदेश मंत्री वासुसेव चावला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने की। कार्यशाला में स्वदेशी उत्पाद काम में लेने के लिए शपथ दिलाई गई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाडी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों को लेकर जनसंघ की स्थापना की। कहा कि यह सीकर का सौभाग्य रहा है कि उपाध्यायजी ने सीकर में शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने हमेशा अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनाओं का लाभ दिलवाने की प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में सभी भारतीय का स्वदेशी उत्पाद खरीदने और बेचने चाहिए। कहा कि हम सभी को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में स्वदेशी सामान उपयोग में लेना चाहिए। प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धासुमन अर्पित किये।


**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

कॉरपोरेट आइडेन्टीफिकेशन नम्बर (सीन)- यू 40109आरजे 2000 एसजीसी 016483

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (प व स) पंजीकृत कार्यालय : न्यू पॉवर हाउस, जोधपुर-342003

**अल्पकालिक निविदा** NIB 06/2025-26

चुरू शहर में सहायक अभियंता (CSD-II) जोविवीनिलि, चुरू कार्यालय उपयोग हेतु भवन दिनांक 01.10.2025 से 31.03.2026 तक किराये पर लेने हेतु एक अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| Estimated Cost | Period of service | Last late of Bid submission | Bid Security Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Rs. 158400/- | 01-10-2025 to 31.03.2026 | 29-09-2025 | 3168/- |

उक्त के संबंध में नियम एंव शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. : JVV2526A0307, UBN No. : JVV2526SSLB00585

राज.संवाद/सी/25/10819

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकः न०पा०रा०/कृ०भू०/2025/1798 6772 दिनांकः25-9-25

प्रारूप-10 • नियम 6 (7) देखिए • लोक सूचना

श्री भीम सिंह पुत्र श्री कुशाल सिंह जाति राजपूत साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक वाणिज्यक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर ग्राम का नाम 24 डीडब्ल्यूडी प.नं. 158/415 (16) क्षेत्रफल किला नं. 4/2 की 0.1010है0, 5 की 0.1010है0, कुल तादादी 0.2020 है0 यानि 2020 वर्गमीटर इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर) जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकःन०पा०रा०/कृ०भू०/2025/1797 3396 दिनांकः25-9-25

प्रारूप-10 • नियम 6 (7) देखिए •

लोक सूचना

श्री भगवानाराम चौहान पुत्र श्री मनफुल राम चौहान जाति बावरी साकिन 16 डीडब्ल्यूडी तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :- जिला हनुमानगढ़ तहसील रावतसर ग्राम का नाम 24 डीडब्ल्यूडी प.नं. 156/416 (20) क्षेत्रफल किला नं. 24 की 0.2530है0, 25 की 0.2530 है0, कुल तादादी 0.5060 है0 यानि 5060 वर्गमीटर इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रावतसर)


# कला उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया



कला उत्सव के विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

**चूरू** (निसं)। जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला-स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छुपी कला रूपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देना।

कार्यक्रम के समापन सत्र में समसा एडीपीसी सरिता आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र महला, ओमप्रकाश बारूपाल ने प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आत्रेय ने कहा कि भारतीय कला-सांस्कृतिक विविधता को समझकर उसे उत्सव के रूप में मनाये और इस अनुभव से एक श्रेष्ठ भारत की अवधारणा में योगदान के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र महला ने बताया कि कार्यक्रम में कक्षा 9-12 के लगभग 70 प्रतिभागियों ने 12 प्रमुख श्रेणियों में संगीत, गायन, वादन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, क्षेत्रीय नृत्य, देश भक्ति गीत, नाटक लोकगीत आदि विधाओं में सहभागिता निभाई। जिला स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य-स्तर पर आयोजित कला उत्सव में जिले का प्रतिनिधत्व करेंगे।

कार्यक्रम में सहायक परियोजना समन्वयक रामनिवास पूनिया, जितेन्द्र कुमार माली, रजनीश धुआं, गुगनराम खाती, मनोज कुमार कालोडी, दिनेश स्वामी, रामप्रसाद परिहार, धर्मेन्द्र सिंह राठौड, कृष्ण नैण, शिवदत्त यादव, राजेश गढ़वाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रणवीर धिंधवाल ने किया।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू**

क्रमांक-एफ./रा.पो.पू./स्था/2025-26/354 दिनांक-25.09.2025

**निविदा सूचना सं. 01/2025-2026**

इस संस्थान को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये निम्नलिखितानुसार कार्मिको की जॉब बेसिस पर आवश्यकता है। अतः पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सियों से कर्मचारियों को उपलब्ध कराने हेतु निविदा दिनांक 03.10.2025 को सायं 04.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 04.10.2025 को 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के सामने दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

| क्रसं. | विवरण | कुल पद संख्या | कार्य विवरण एवं योग्यता | अनुमानित वार्षिक लागत (रु. में) | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा एंट्री आपरेटर | 01 | निविदा शर्ते के साथ | 112008/- रु. (9334/- per month) | 5800/- |
| 2 | सफाई कर्मचारी | 02 | संलग्न है। | 177840-(7410/- per month per person) | |

NIB NO. PCC2526A0001, UBN NO. PCC2526SSOB00001

निविदा प्रपत्र राशि रू. 200/- वीडी (प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय चूरू के नाम देय) कार्यालय में जमा करवा कर दिनांक 03.10.2025 तक कार्यालय समय में कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

निविदा की विस्तृत विवरण http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रधानाचार्य

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, चूरू



**प्रपत्र संख्या-7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 129/2025**

चूंकि प्रार्थी श्री बनवारी लाल रंगणवा पुत्र श्री लक्ष्मण राम रंगवा निवासी वार्ड नं. 15, दाणा धर्माना, नवाली, झुंझुनू राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास डूण्डलोद शिक्षण संस्थान डूण्डलोद जिला झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 27.11.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या-7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 131/2025**

चूंकि प्रार्थी श्री मधुर डुकिया पुत्र श्री लालचन्द डुकिया निवासी वार्ड नं. 5 गणपति नगर झुंझुनू राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास राजस्थान पब्लिक स्कूल संस्थान झुंझुनू, गणपति नगर मण्डावा रोड, जिला झुंझुनू, राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 26.11.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या-7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 132/2025**

चूंकि प्रार्थी श्रीमती कल्पना सिंह पत्नी श्री मनोज सिंह निवासी 220/5 नारायण नगर आर.एस.एम. नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास आर्य ऐजुकेशनल एवं वेलफेयर सोसायटी मंडरेला रोड झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25.11.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या-7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 133/2025**

चूंकि प्रार्थी श्री जगदीश सिंह पुत्र श्री बलदेव सिंह निवासी श्यामपुरा दिलोई सौथ झुंझुनू राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री करणी समग्र विकास संस्थान गुडदवास सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25.11.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर

**प्रपत्र संख्या-7**
**( देखिये नियम 21 )**
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( द्वितीय )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18( 2 ) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**( नाम, वर्णन तथा निवास स्थान )**

**मुकदमा नम्बर 135/2025**

चूंकि प्रार्थी श्री तन्मय अहलावत पुत्र श्री सुरेन्द्र अहलावत निवासी एसबीबीजे के पास, वार्ड नं. 02 सुरजगढ (रूरल) झुंझुनू, राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास टैगोर चिल्ड्रन्स एकेडमी सोसायटी सूरजगढ झुंझुनू राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 25.11.2025

सहायक आयुक्त ( द्वितीय )
देवस्थान विभाग, जयपुर